राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

**सीमा सड़क संगठन द्वारा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश की 1 हजार 900 करोड़ रुपए निवेश की 50 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का ऑनलाइन लोकार्पण**

## राजस्थान से जुड़ी विशिष्ट परियोजनाएं भी सम्मिलित

## लोकार्पण में राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने भी ऑनलाइन भाग लिया

## देश की सुरक्षा की दृष्टि से 50 सामरिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं महत्वपूर्ण – राज्यपाल

जयपुर, 7 मई। देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सीमा सड़क संगठन के 66 वे स्थापना दिवस पर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश की 50 महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को ऑनलाइन देश को समर्पित किया। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे भी इस दौरान राजभवन से ऑनलाइन उपस्थित हुए। इन परियोजनाओं में सीमा पाए सड़क की दो परियोजनाएं राजस्थान की भी सम्मिलित है।

राज्यपाल श्री बागडे ने सीमा सड़क संगठन के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संगठन द्वारा लगभग 1 हजार 900 करोड़ रुपए निवेश की इन देश की सुरक्षा की दृष्टि से विशिष्ट परियोजनाओं को राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सीमा पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचों के निर्माण से राष्ट्र की सीमाओं को और सशक्त, सुरक्षित रखा जा सकेगा।

राज्यपाल श्री बागडे ने कठिन कार्यदशाओं के बावजूद सीमा सड़क संगठन द्वारा अपनी क्षमताओं को निरंतर मजबूत करने की भी विशेष रूप से सराहना की। राज्यपाल के सचिव डा. पृथ्वी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन सिंदूर की सराहना, राष्ट्र की सेना के शौर्य को नमन

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत की गई कार्यवाही के अंतर्गत भारत की सेना के शौर्य को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों के हौसले को पस्त करने के लिए राष्ट्र की सेना ने नागरिकों के ठिकानों को प्रभावित किए बगैर सटीक, सतर्क और संयमित कार्यवाही की है।

———————

